तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेमसिंह जोधा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353457635671554	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/05/25	अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, तहसील लूणी ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 17.03.2025 को राजस्व गांव– काकाणी, पटवार मण्डल कांकाणी तहसील लूणी के नामान्तरण संख्या क्रमशः (1) 185, (2) 195 एवं (3) 196 की नियमानुसार प्रमाणित छाया उपलब्ध करवाने से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 480 दिनांक 16.05.2025 से बतलाया कि प्रभारी अधिकारी–भू अभिलेख शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, जोधपुर ने रिपोर्ट में अवगत कराया कि राजस्व गांव कांकाणी, पटवार मण्डल, कांकाणी, तहसील लूणी के नामान्तरण संख्या 185, 195 व 196 भू–अभिलेख शाखा की रेकर्ड शाखा में जमा नही है, जिसके क्रम में अपीलार्थी को राजकाज रेफ. 14535989 पत्र दिनांक 02.04.2025 से सूचित कर दिया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G rav Agrawal
Designation: Colle r & District Magistrate
Date: 2025.05. 8:51:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15513138